पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता।

मध्य प्रदेश में आन्त्रशोथ के मामले

*96. **श्री अजीत जोगी :**
कुमारी आलिया :

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि प्रदूषित जल और वायु के कारण मध्य प्रदेश में हर वर्ष बड़ी संख्या में लोग आंत्रशोथ की बीमारी से मर जाते हैं ;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 1991 में अब तक सरकार द्वारा आंत्रशोथ के कितने रोगियों का पता लगाया गया है;

(ग) क्या केन्द्रीय सरकार मध्य प्रदेश में आंत्रशोथ की बीमारी को रोकने के लिए उस राज्य को विशेष सहायता प्रदान करने का विचार रखती है ;

(घ) क्या सरकार राज्य में आंत्रशोथ की बीमारी से ग्रस्त आदिवासियों के लिए कुछ परियोजनाएं आरंभ करने का भी विचार रखती है ; और

(ङ) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री एम० एल० फोतेदार) : (क) मध्य प्रदेश के कुछ जिलों में मुख्यतया पेय जल के दूषित होने के कारण जठरांत्र शोथ के बहुत से रोगियों की सूचना मिली है .

(ख) जनवरी, 1991 से जठरांत्र शोथ के 69,218 रोगियों की सूचना मिली है जिनमें 3939 मौतें भी शामिल हैं ।

(ग) महामारी के कारणों की जांच करने तथा उपयुक्त सिफारिशें करने के लिए प्रभावित जिलों में राष्ट्रीय संचारी रोग संस्थान, दिल्ली के तकनीकी दल भेजे गए हैं : बस्तर जिले में रोग पर नियंत्रण पाने के लिए प्रधान मंत्री राहत कोष से 10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई ।

(घ) और (ङ) स्वास्थ्य राज्य का विषय है इसलिए इस बारे में राज्य सरकार को उचित कदम उठाने हैं ।

Supply of Crude Oil to Barauni Refinery

*97. SHRI S. S. AHLUWALIA. Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Government have decided to supply crude oil to Barauni refinery in Bihar *via* Haldia reverine port;

(b) if so. what are the details thereof;

(c) whether the crude proposed to be supplied *via* Haldia port is in addition to the quantity which Barauni refinery is at present getting from Assam oil wells; and

(d) if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI B. SHANKARANAND): (a) No, Sir.

(b) to (d) Do not arise.

दिल्ली में पुलिस हिरासत में हुई मौतें

*98. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 25 जून से लेकर 31 अक्तूबर 1991 तक दिल्ली में पुलिस हिरासत में कितनी मौतें हुई; और

(ख) प्रत्येक मामले में क्या कार्यवाही की गई ?

गृह मंत्री (श्री एस० बी० चव्हाण) (क) दिल्ली पुलिस ने सूचित किया है कि 25 जून से 31 अक्तूबर, 1991 के